सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/2026/ 76 दिनांक :- 13-11-2026

प्रति,
समस्त प्राचार्य,
शासकीय महाविद्यालय,
उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन।

विषय :- **स्वाध्यायी(Private)विद्यार्थियों के लिये चलित साक्षात्कार (Walk in Interview) के आयोजन के संबंध में।**

संदर्भ :- **मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक 418/105/सीसी/24/38 (पार्ट-01) दिनांक 15/04/2026**

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन को स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर एकीकृत प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई थी। यह परीक्षा नियमित विद्यार्थियों के लिये अग्रणी महाविद्यालय स्तर पर चलित साक्षात्कार के माध्यम से आयोजित की गई थी। स्वाध्यायी (प्राईवेट) विद्यार्थियों के लिये चलित साक्षात्कार संबंधित शासकीय महाविद्यालय के स्तर पर निम्नानुसार आयोजित की जायेगी:-

स्नातक स्तर के लिए :

12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी जो अपने संकाय के स्थान पर अन्य संकाय में परीक्षा देना चाहते है, उनको अपने संबंधित महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना होगा।

शासकीय महाविद्यालय के समस्त प्राचार्य अपनी अध्यक्षता में निम्नानुसार समिति गठित कर पात्र विद्यार्थियों को पात्रता प्रमाणपत्र जारी करेगें।

विज्ञान संकाय हेतु :-

01. प्राचार्य – अध्यक्ष
02. विषय विशेषज्ञ – गणित/भौतिक/रसायन आदि समूह
03. विषय विशेषज्ञ – बायोलॉजी समूह
04. विषय विशेषज्ञ – कम्प्यूटर विज्ञान

कला संकाय हेतु :-

01. प्राचार्य – अध्यक्ष
02. विषय विशेषज्ञ – इतिहास/राजनीति/समाजशास्त्र/अर्थशास्त्र आदि समूह
03. विषय विशेषज्ञ – भाषा समूह
04. विषय विशेषज्ञ – कम्प्यूटर विज्ञान

वाणिज्य संकाय हेतु :-

01. प्राचार्य – अध्यक्ष
02. कोई दो विषय विशेषज्ञ
03. विषय विशेषज्ञ – कम्प्यूटर विज्ञान

निरंतर...02

स्नातकोत्तर स्तर के लिए :

स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी जो मेजर/माइनर के इतर अन्य विषय/संकाय में परीक्षा देना चाहते है उन्हे अपने शासकीय महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना होगा।

शासकीय महाविद्यालयों के समस्त प्राचार्य अपनी अध्यक्षता में विषय अनुसार साक्षात्कार समिति का गठन करेंगे जिसमें दो विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे। साक्षात्कार उपरांत विद्यार्थी को प्राचार्य द्वारा प्रात्रता प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा।

आदेशानुसार

डॉ. अनिल कुमार शर्मा
कुलसचिव

क्रमांक/अकादमिक/2026/ 77 दिनांक :- 13-11-2026

प्रतिलिपि :-

(1) आयुक्त महोदय के निज सहायक, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।
(2) विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, ई-प्रवेश आयुक्त कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।
(3) कुलसचिव समस्त शासकीय/निजी विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश राज्य की ओर सूचनार्थ एवं प्रतिपालन हेतु।
(4) समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
(5) समस्त अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश राज्य की ओर सूचनार्थ एवं प्रतिपालन हेतु।
(6) प्राचार्य/प्राचार्या,समस्त शासकीय/निजी महाविद्यालय,मध्यप्रदेश राज्य की ओर सूचनार्थ।
(7) कुलगुरु, सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

श्री चेनराम पंवार
सहायक कुलसचिव (अकादमिक)